# कृषि उत्पादों के निर्यात पर अब मिलेगा 20 लाख रुपये परिवहन अनुदान

लखनऊ। प्रदेश के कृषि उत्पादों व इनके प्रसंस्कृत वस्तुओं के निर्यात पर परिवहन अनुदान 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख रुपये कर दिया गया है। यह अनुदान संबंधित निर्यातक को हर साल दिया जाएगा। इसे एक जुलाई से लागू कर दिया गया है। प्रदेश सरकार ने कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार के तहत उत्तर प्रदेश कृषि निर्यात नीति में बदलाव किया था, जिसे एक जुलाई से लागू कर दिया गया है। ब्यूरो